Under CSR Support by Ipca Foundation | missiongyan

## अध्याय-4 | संस्थाओं का कामकाज

Worksheet-1

JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

### बहुविकल्पी प्रश्न

1. **लोक सभा का कार्यकाल कितना होता है?**
   (अ) 4 वर्ष (ब) 3 वर्ष
   (स) 6 वर्ष (द) 5 वर्ष

2. **भारत सरकार के सरकारी पदों और सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है?**
   (अ) 27 प्रतिशत (ब) 22 प्रतिशत
   (स) 15 प्रतिशत (द) 7 प्रतिशत

3. **मंडल आयोग का अध्यक्ष कौन था?**
   (अ) जनता दल (ब) विश्वनाथ प्रताप सिंह
   (स) इनमें से कोई नहीं (द) बी.पी. मंडल

4. **संसद में कितने सदन हैं?**
   (अ) एक सदन (ब) चार सदन
   (स) तीन सदन (द) दो सदन

5. **स्टॉक एक्सचेंज को नियमित करने संबंधी कानून बनाने की कमेटी पर विचार विमर्श करती है?**
   (अ) स्थायी कार्यपालिका (लोक सेवक) (ब) विधायिका
   (स) कार्यपालिका (द) न्यायपालिका

6. **निम्नलिखित में कौन राजनैतिक कार्यपालिका का हिस्सा होता है?**
   (अ) पुलिस महानिदेशक (ब) गृह मंत्रालय का सचिव
   (स) गृह मंत्री (द) जिलाधीश

7. **सर्वोच्च न्यायालय निम्न में से किस विवाद की सुनवाई कर सकता है?**
   (अ) नागरिकों और सरकार के बीच (ब) देश के नागरिकों के बीच
   (स) केन्द्र और राज्य सरकार के बीच (द) सभी विकल्प सही हैं

8. **देश का मुखिया कौन है?**
   (अ) कैबिनेट मंत्रीगण (ब) मंत्रिपरिषद
   (स) प्रधानमंत्री (द) राष्ट्रपति

9. **राज्य सभा के सदस्य की निम्न में से कौन-सी योग्यता होनी चाहिए?**
   (अ) सभी विकल्प सही हैं (ब) वह संसद द्वारा निश्चित योग्यताएँ रखता हो
   (स) वह भारत का नागरिक हो (द) वह 30 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

10. **निम्नलिखित राजनैतिक संस्थाओं में से कौन-सी संस्था देश के मौजूदा कानून में संशोधन कर सकती है?**

(अ) प्रधानमंत्री (ब) संसद

(स) राष्ट्रपति (द) सर्वोच्च न्यायालय

## रिक्त स्थान :

11. सरकार में __________ अंग होते हैं।

12. विधानपालिका का प्रमुख कार्य __________ बनाना होता है।

## सत्य / असत्य

13. व्यवस्थापिका का मुख्य कार्य कानूनों को बनाना होता है।

14. लोकसभा को प्रधानमंत्री भंग कर सकता है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. भारत की संसद एक-सदनीय है अथवा द्विसदनीय है?

16. संसदीय लोकतंत्र में तीन मुख्य संस्थाएँ कौन-कौन सी होती हैं?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. संस्थाओं से आप क्या समझते हैं?

18. राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के संबंधों की चर्चा कीजिए।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. लोकसभा तथा राज्यसभा की शक्तियों की तुलना कीजिए।

20. भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति कैसे की जाती है?

## HOTS

21. एक शिक्षिका छात्रों की संसद के आयोजन की तैयारी कर रही थी। उसने दो छात्राओं से अलग-अलग पार्टियों के नेताओं की भूमिका करने को कहा। उसने उन्हें विकल्प भी दिया। यदि वे चाहें तो राज्य सभा में बहुमत प्राप्त दल की नेता हो सकतीं थी और अगर चाहें तो लोकसभा के बहुमत प्राप्त दल की। अगर आपको यह विकल्प दिया गया तो आप क्या चुनेंगे और क्यों?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

**1.** (द) 5 वर्ष

**2.** (अ) 27 प्रतिशत

**3.** (द) बी.पी. मंडल

**4.** (द) दो सदन

**5.** (ब) विधायिका

**6.** (स) राजनेता जो एक विशिष्ट अवधि के लिए लोगों द्वारा चुने जाते हैं, राजनीतिक कार्यकारी कहलाते हैं। बड़े फैसले लेने वाले राजनीतिक नेता गृह मंत्री की श्रेणी में आते हैं।

**7.** (द) सभी विकल्प सही हैं

**8.** (द) राष्ट्रपति

**9.** (अ) सभी विकल्प सही हैं

**10.** (ब) दुनिया भर की संसदें नए कानून बना सकती हैं, मौजूदा कानूनों को बदल सकती हैं, या मौजूदा कानूनों को खत्म कर सकती हैं और उनके स्थान पर नए कानून बना सकती हैं।

**11. रिक्त स्थान :** 3

**12. रिक्त स्थान :** कानून बनाना

**13. सत्य / असत्य :** सत्य

**14. सत्य / असत्य :** असत्य

**15.** भारतीय संसद एक द्विसदनीय विधानमंडल है। इसके दो सदन हैं —

i. लोक सभा ii. राज्यसभा

लोकसभा में अधिक से अधिक 552 सदस्य हो सकते हैं, राज्यसभा की अधिक से अधिक सदस्य संख्या 250 हो सकती है।

**16.** संसदीय लोकतंत्र की तीन मुख्य संस्थाएँ होती हैं —

i. विधानमंडल ii. कार्यपालिका

iii. न्यायपालिका

विधानमंडल कानून बनाता है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका झगड़ों का निपटारा करती है।

**17.** सरकार के विभिन्न कार्यों को करने के लिए देश में कई व्यवस्थाएँ की जाती हैं। इन व्यवस्थाओं को ही संस्थाएँ कहा जाता है। इन संस्थाओं की बनावट तथा कार्यों का प्रायः देश के संविधान में ही वर्णन कर दिया जाता है।

**18.** संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है परंतु व्यवहार में राष्ट्रपति द्वारा उसी व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाता है जो लोकसभा में बहुसंख्यक दल का नेता होता है। शासन राष्ट्रपति के नाम पर चलता है, परंतु वास्तव में शासन प्रधानमंत्री तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों के परामर्श के अनुसार चलाया जाता है। राष्ट्रपति देश का नाममात्र का संवैधानिक मुखिया है उसके सभी कार्य प्रधानमंत्री की इच्छानुसार ही किए जाते हैं।

**19. लोकसभा एवं राज्यसभा में अंतर-**

**i. साधारण विधेयकों का पास करना -** साधारण विधेयक संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है और वह उस समय तक राष्ट्रपति के पास उसकी स्वीकृति के लिए भेजा जाता है, जब तक दोनों सदन उसे पास न करें दें। यदि किसी बिल के पास करने में दोनों सदनों में मतभेद उत्पन्न हो जाता है और उनके बीच गतिरोध छः महीने तक बना रहता है, तो उसके पश्चात् राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाएगा। उस बैठक में बहुमत से उस बिल पर निर्णय लिया जाएगा।

**ii. वित्त बिल -** वित्त विधेयक पहले केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है और वहाँ से पास होने के पश्चात् ही राज्यसभा के पास भेजा जाता है। राज्यसभा यदि एक धन विधेयक पर 14 दिन तक कोई विचार न करे अथवा उसे इन दिनों में अपनी स्वीकृति न दे तो उसके पश्चात् वह विधेयक दोनों सदनों से पास समझा जाएगा। इस प्रकार धन विधेयक पास करने में लोकसभा अधिक शक्तिशाली है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**iii. कार्यपालिका पर नियंत्रण -** भारत में संसदीय शासन प्रणाली होने के कारण मंत्रिमंडल संसद के प्रति उत्तरदायी है। यद्यपि दोनों सदनों के सदस्यों को मंत्रियों से प्रश्न पूछने तथा उनका उत्तर माँगने का अधिकार है, परंतु मंत्रिमंडल को पद से हटाने का अधिकार केवल लोकसभा के पास है।

**iv. राज्यसभा -** अपने 2/3 बहुमत से प्रस्ताव पास करके राज्य-सूची में दिए गए किसी भी विषय को राष्ट्रीय महत्त्व का घोषित कर सकती है। उसके पश्चात् उस विषय पर कानून बनाने का अधिकार संसद को प्राप्त हो जाता है।

**v. कार्यकाल -** लोकसभा का सामान्य कार्यकाल केवल 5 वर्ष है जबकि राजयसभा एक स्थायी निकाय है।

**20. भारत में प्रधानमंत्री की नियुक्ति —**

i. संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति करने का अधिकार राष्ट्रपति को दिया गया है। व्यवहार में राष्ट्रपति द्वारा उसी व्यक्ति को प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त किया जाता है जो लोकसभा में बहुसंख्यक दल का नेता होता है।

ii. यदि लोकसभा में किसी एक राजनैतिक दल अथवा दलीय गठबंधन को पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं होता, तो राष्ट्रपति किसी भी ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त कर सकता है जो उनके विचार से लोकसभा में बहुमत जुटाने की स्थिति में हो।

iii. प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त होने के लिए संसद के किसी एक सदन का सदस्य होना अनिवार्य है। यदि राष्ट्रपति द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाता है जो संसद का सदस्य नहीं है तो उसके लिए यह आवश्यक होता है कि वह 6 महीने के अंदर संसद के किसी सदन की सदस्यता ग्रहण करें अन्यथा छः महीने के समाप्त होने पर वह प्रधानमंत्री नहीं रहेगा।

iv. प्रधानमंत्री केंद्र सरकार के मंत्रिपरिषद का प्रमुख और राष्ट्रपति का मुख्य सलाहकार होता है।

**21.** ऐसी स्थिति में मैं लोकसभा में बहुमत को चाहूँगा। ऐसा इसलिए चाहूँगा क्योंकि लोकसभा में बहुमत के नेता को राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाता है। इसके अतिरिक्त विधि-निर्माण क्षेत्र में लोकसभा को राज्यसभा के मुकाबले में अधिक शक्तिशाली बनाया गया है। धन-विधेयक पास करने में तो लोकसभा के पास ही शक्ति है- राज्यसभा उसके पास होने में केवल 14 दिन की देरी ही कर सकती है। अतः मैं लोकसभा में ही बहुमत पसंद करूँगा।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App